मास्टर शेफ विकास खन्ना की फ़िल्म 'द लास्ट कलर' में एक बार फिर नीना गुप्ता ने रंग जमा दिया

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बधाई हो बधाई में अपनी बेबाक अदाकारी से देश भर में तहलका मचाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता अब एक बार फिर से मेलबॉर्न में अपने जलवों का रंग बिखेरने को तैयार है। अमेरिकी भारतीय मास्टर शेफ विकास गुप्ता, इस वर्ष इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबॉर्न में अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'द लास्ट कलर' के प्रदर्शन को लेकर पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म में एफटीआईआई ग्रेजुएट, बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री नीना गुप्ता ने मुख्य भूमिका निभाई है, फ़िल्म में नीना गुप्ता एक विधवा महिला की भूमिका में है जो वाराणसी के वृंदावन में, विधवा महिलाओं के लिए निर्धारित वर्षों पुरानी परंपराओं में जकड़ी है। इस बीच नौ साल की एक बच्ची (जिसकी भूमिका अक्सा सिद्दीकी ने निभाई है) की दोस्ती नीना के साथ होती है और इसके बाद वह उसके जीवन में रंग भरने का संकल्प लेती है। ये फ़िल्म, विकास खन्ना की अपनी खुद की पुस्तक 'द लास्ट कलर' पर आधारित है। इस वर्ष विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में अपने कंटेंट और बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए इस फिल्म को पहले ही जबरदस्त सराहना मिल चुकी है साथ ही फिल्म को बेहद पॉजिटिव रिव्यूज भी मिले हैं। अब यह फिल्म ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरियन शहर मेलबर्न में पहली बार प्रदर्शन के लिए तैयार है। विकास खन्ना एक अंतरराष्ट्रीय मास्टर शेफ होने के नाते जिस तरह अपने व्यंजनों में नए नए स्वाद भरने की कोशिश में लगातार रहतें हैं उसी तरह अपनी पहली निर्देशित फिल्म में भी उन्होंने कुछ खास स्वाद भरे हैं, जो दर्शकों को चौंकाने के लिए काफी है।